मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांक:21.04.2026

थाना अहरौरा पुलिस टीम द्वारा ₹ 25 हजार के ईनामिया शातिर अभियुक्त गिरफ्तार —

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा गो-तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सहित इनामियां अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक आपरेशन व क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । दिनांक 21.04.2026 को थाना अहरौरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0-202/2025 धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि. से सम्बन्धित ₹ 25 हजार के ईनामियां वांछित अभियुक्त पंकज कश्यप पुत्र मदन कुमार निवासी शास्त्री पार्क उस्मानपुर जनपद पूर्वी दिल्ली, दिल्ली को थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत लखनियादरी तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त —

पंकज कश्यप पुत्र मदन कुमार निवासी शास्त्री पार्क उस्मानपुर जनपद पूर्वी दिल्ली, दिल्ली, उम्र करीब 27 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग —

मु0अ0सं0-202/2025 धारा 3(1) उ.प्र. गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि. थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0-55/2025 धारा 60/63 आबकारी अधि. 318(4),319(2),336(3),338,340(2),317(2) बीएनएस थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम —

उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

****